सं. 14013/10/2017-यूटीपी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

वर्ष 2025-26 के दौरान कुल बजट आवंटन और दिल्ली पुलिस की योजनाओं का विवरण

**वर्ष 2025-26 के दौरान दिल्ली पुलिस को आवंटित कुल बजट: 12259.16 करोड़ रु.**

आज की तिथि के अनुसार, दिल्ली पुलिस के संबंध में यूटी डिवीजन द्वारा निम्नलिखित योजना प्रशासित की जाती है:

पुलिस अवसंरचना

- दिल्ली पुलिस भवन कार्यक्रम और
- सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) परियोजना।

**पुलिस अवसंरचना**

क) **दिल्ली पुलिस भवन कार्यक्रम:-** दिल्ली पुलिस भवन कार्यक्रम का उद्देश्य अपने घटकों नामतः भूमि, आवासीय भवनों, कार्यालय भवनों और असाधारण मरम्मत, दिल्ली पुलिस कार्मिकों के लिए आवास संतुष्टि के स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस कार्मिकों को एक अच्छा वातावरण प्रदान करने के लिए नए पुलिस स्टेशन/पुलिस पोस्ट/कार्यालय भवन आदि का निर्माण करना है। इस योजना में निम्नलिखित दो उप-योजनाएं शामिल हैं:-

- कार्यालय भवन:- बजट अनुमान 2025-26 में इस उप-शीर्ष के अंतर्गत 100.00 करोड़ रु. की राशि आवंटित की गई है।
- आवासीय भवन:- बजट अनुमान 2025-26 में इस उप-शीर्ष के अंतर्गत 35.00 करोड़ रु. की राशि आवंटित की गई है।

ख) **सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) परियोजना:-** "जय सिंह रोड, नई दिल्ली में नए पुलिस मुख्यालय" का निर्माण पीपीपी मोड के तहत किया गया है। बजट अनुमान 2025-26 में 92.5 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। चूंकि पुलिस मुख्यालय के लिए एक समर्पित भवन की आवश्यकता महसूस की गई थी, इसलिए परियोजना को पीपीपी मोड के तहत शुरू करने का निर्णय लिया गया था। नए पुलिस मुख्यालय भवन का उद्घाटन दिनांक 31.10.2019 को किया गया था। जय सिंह रोड पर 8.092 एकड़ भूमि में फैला दिल्ली पुलिस मुख्यालय 17 मंजिल वाली एक अत्याधुनिक ट्विन टावर इमारत है और इसमें भूमिगत पार्किंग/तहखाने सहित आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। शहर के मध्य में बना यह नया पुलिस मुख्यालय शहर में दिल्ली पुलिस के कार्यों की निगरानी के लिए उपयुक्त रूप से अवस्थित है।

******